Geography of India and the World
भारत एवं विश्व का भूगोल

Part - A
2 MARKS

2021

1. **मेसोजोइक युग की समय सीमा लिखिए।**
Write the time frame of Mesozoic Era.

उ. मेसोजोइक कल्प की समय सीमा 22.5 करोड़ से 7 करोड़ वर्ष पूर्व तक है। इसके काल को तीन कालों में विभाजित किया गया है –
(1) ट्रिआसिक काल (2) जुरासिक काल
(3) क्रिटैसियस काल

2. **सियाल की संरचना के बारे में लिखिए।**
Write about the structure of SiAl.

उ. पृथ्वी की बाहरी परत जिस पर महाद्वीप तथा महासागर स्थित है, भूपटल कहलाता है। इसकी रचना सियाल एवं सीमा पदार्थों से हुई है।
- इस परत में सिलिका (Silica-Si) एवं एल्युमिनियम (Al) की प्रधानता होती है। इसलिए इस परत को सियाल (si+al = sial) कहा जाता है। इसका औसत घनत्व 2.9 व औसत गहराई 50 से 300 कि. मी. है।

3. **शिवालिक हिमालय का निर्माण कैसे हुआ?**
How was the Shivalik Himalaya formed?

उ. शिवालिक हिमालय का निर्माण प्लायोसीन काल में प्रायद्वीपीय भाग के बीच स्थित जलपूर्ण द्रोणी टेथिस भू-सन्नति में अवसा**दों** के जमाव से हुआ।

4. **पश्चिमी घाट की पर्वत श्रेणियों/पहाड़ियों के नाम लिखिए।**
Name the mountain ranges/hills of Western Ghats.

उ. **सह्यद्रि को तीन वर्गों में विभक्त किया जाता है-**
1. उत्तरी सह्यद्रि 2. मध्य सह्यद्रि 3. दक्षिण सह्यादि।
- इनमें विभिन्न पहाड़ियाँ गिर पहाड़ी, बारदा पहाड़ी, मांडव पहाड़ी, नीलगिरी, अन्नामलाई, अनाईमुडी, कार्डमम पर्वत स्थित है। अनाईमुडी संपूर्ण दक्षिणी भारत की सबसे ऊँची चोटी है, जिसकी ऊँचाई 2,695 मीटर है। दोदा बेट्टा दूसरी सबसे ऊँची चोटी है।

5. **राजस्थान के जस्ता उत्पादक क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।**
Mention the zinc producing areas of Rajasthan.

उ. **राजस्थान के जस्ता उत्पादक क्षेत्र निम्नलिखित हैं –**
जावर (उदयपुर), रामपुर आगूचा (भीलवाड़ा), देबारी (उदयपुर), रामपुरा दरीबा (राजसमंद), चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर)।

2018

1. **विश्व में चार पर्वत निर्माणकारी घटनाओं तथा उनके मुख्य पर्वतों के नाम बताइए?**
Name four orogenies and their main mountain formations in the world.

उ.

पर्वत निर्माणकारी घटना	उदाहरण
1. प्रीकैम्ब्रियन पर्वतीकरण	स्कैण्डिनेवियन पर्वत
2. कैलिडोनियन पर्वतीकरण	अरावली तथा सतपुड़ा पर्वत
3. हर्सीनियन पर्वतीकरण	अल्पेशियन पर्वत
4. अल्पाइन पर्वतीकरण	रॉकी, एंडीज और हिमालय।

2. **छोटा नागपुर पठार का क्या महत्त्व है?**
What is the significance of Chota Nagpur plateau?

उ. छोटा नागपुर पठार में कोयला, बॉक्साइट, लौह अयस्क, अभ्रक, मैंगनीज, फास्फेट, डोलोमाइट, चूना पत्थर इत्यादि। खनिजों के साथ ही विविध प्रकार के वनोत्पाद (रेशम, लाख, तेंदू पत्ता) भी प्राप्त होते हैं।

3. **राजस्थान में सौर ऊर्जा हेतु कौन सी उपयुक्त दशाएँ पाई जाती है?**
What are the suitable conditions prevailing in Rajasthan for solar energy?

उ. राजस्थान में सौर ऊर्जा हेतु उपयुक्त दशाएँ निम्नलिखित हैं-
(1) वर्ष के लगभग 300 दिन सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है।
(2) सौर ऊर्जा के लिए बहुत जमीन की आवश्यकता होती है, जो प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।
(3) देश में सबसे अधिक सोलर रेडिएशन वाला प्रदेश।

4. **सोनाड़ी एवं मालवी पशुधन नस्लें राजस्थान के कौन से जिलों में पाई जाती हैं?**
Sonari and Malvi breeds of livestock are found in which districts of Rajasthan.

उ. सोनाड़ी (भेड़ की नस्ल) बाँसवाड़ा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूँगरपुर, राजसमन्द व उदयपुर जिलों में पाई जाती है।
- मालवी (गाय की नस्ल) कोटा, झालावाड़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा व चित्तौड़गढ़ जिलों में पाई जाती है।

5. **राजस्थान के कोई आठ संरक्षित क्षेत्रों के नाम लिखिए?**
Name any eight conservation sites of Rajasthan.

उ. (1) गुढ़ा विश्नोई संरक्षित क्षेत्र, जोधपुर
(2) जोहड़ बीड़ संरक्षित क्षेत्र, बीकानेर
(3) रोटू संरक्षित क्षेत्र, नागौर
(4) जवाई बांध संरक्षित क्षेत्र, पाली
(5) बिलासपुर संरक्षित क्षेत्र, टोंक
(6) सुन्धामाता संरक्षित क्षेत्र, जालौर
(7) मनसा माता संरक्षित क्षेत्र, झुंझुनू
(8) शाकम्भरी संरक्षित क्षेत्र, सीकर-झुंझुनू।

2016

1. **उल्का झीलें क्या हैं?**
What are Meteor Lakes?

उ. **उल्का झीलें–** जिन झीलों का निर्माण उल्का पिण्डों के पृथ्वी से टकराने के कारण हुआ है, उल्का झीलें कहलाती है। जैसे– लोनार झील (महाराष्ट्र), टोवा झील (इण्डोनेशिया)। लोनार झील को वर्ष 2020 में रामसर साइट में शामिल किया गया था।

2. **अधिकेन्द्र क्या है?**
What is epicenter?

उ. **अधिकेन्द्र–** धरातल पर स्थित वह बिन्दु जहाँ पर सर्वप्रथम भूकम्पीय तरंगें पहुँचती हैं, उसे हम अधिकेन्द्र कहते हैं। यह पृथ्वी की सतह पर उद्गम केन्द्र के ठीक ऊपर का बिन्दु है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119



3. भारत के कौन से क्षेत्र शीतकालीन वर्षा प्राप्त करते है?
Which regions of India receive winter rainfall?

उ. भारत के शीतकालीन वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्र -
(i) **तमिलनाडु–** उत्तरी–पूर्वी व्यापारिक पवनें भूमध्य रेखा की तरफ चलती है तथा बंगाल की खाड़ी से आर्द्रता ग्रहण कर तमिलनाडु में वर्षा करती है।
(ii) राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पश्चिम विक्षोभ के कारण वर्षा होती है, जिसे मावठ कहते हैं।

4. राजस्थान के मुख्य अधात्विक खनिजों के नाम लिखिए।
Name the main non-metallic minerals of Rajasthan.

उ. राजस्थान के मुख्य अधात्विक खनिज–
एस्बेस्टॉस, फेल्सपार, अभ्रक, डोलामाइट, यूरेनियम, लिथियम, पन्ना, तामड़ा, हीरा, बोराइट, जिप्सम, रॉक फास्फेट, संगमरमर, ग्रेनाइट, मुल्तानी मिट्टी, चीनी मिट्टी, माइका, बॉल क्ले, ग्रेनाइट, लाईम स्टोन, पोटाश आदि।

5. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में पुरुष एवं स्त्री साक्षरता की दरें क्या हैं?
What are the male and female literacy rates in Rajasthan according to the 2011 census?

उ. राजस्थान में जनगणना 2011 के अनुसार
(i) पुरुष साक्षरता दर – 73.2%
(ii) महिला साक्षरता दर – 52.1%
(iii) राजस्थान की कुल साक्षरता – 66.1%
(iv) सर्वाधिक पुरुष साक्षरता वाला जिला – 86.3% (झुन्झुनू)
(v) सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला – 65.9% (कोटा)
(vi) न्यूनतम पुरुष साक्षरता वाला जिला – 69.5% (प्रतापगढ़)
(vii) न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला– 38.5% (जालौर)

2016 Special mains

1. 'सिण्डर शंकु' ज्वालामुखी क्या है?
What is a 'Cinder Cone' Volcano?

उ. सिण्डर शंकु ज्वालामुखी- आग्नेय या ज्वलनशील प्रकार की स्थलाकृति है। ये ज्वालामुखी आकार में छोटे होते हैं। इनके अन्दर बहुत अधिक मात्रा में राख एवं नाममात्र लावा मौजूद होता है, इनका ढलान तीव्र होता है एवं ऊपर की तरफ एक गड्डा रहता है।
उदाहरण - मैक्सिको को पैराक्युटिन पर्वत तथा जोरल्लो पर्वत।

2. 'मेसा' को परिभाषित कीजिए।
Define 'MESA'.

उ. मेसा – अलग-अलग चौड़े सपाट-शीर्ष वाली पहाड़ी, जो मेसा (एक सपाट शिखर का) निर्माण करती है। यू.एस.ए. के विभिन्न राज्यों में मेसा भू-स्थलाकृति देखने को मिलती है। मरुस्थल में ऐसी आकृतियाँ ज्यादा पाई जाती है।
उदाहरण – कोलोराडो, न्यू मेक्सिको, यूटा, एरिजोना।

3 सह्याद्रि कहाँ हैं?
Where are the Sahyadris?

उ. भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पर्वत श्रृंखला को पश्चिमी घाट या सह्याद्रि कहते है।
- यह दक्कन का पठार के पश्चिमी किनारे पर स्थित है, इसकी लम्बाई लगभग 1600 km हैं। यह जैवविविधता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। यह विश्व के हॉटस्पॉट स्थलों में सम्मिलित है।

4. 'वालरा' से आपका क्या आश्य है?
What do you mean by 'Walra'?

उ. वालरा- एक प्रकार की झूमिंग कृषि है, इस कृषि में वृक्षों को जलाकर उसकी राख को खाद के रूप में प्रयोग किया जाता हैं वालरा कृषि दो प्रकार की होती है –
1. **चिमाता-** पहाड़ी क्षेत्रों में की जाती है।
2. **दजिया-** यह मैदानी क्षेत्रों में की जाती है। यह मुख्यत: भील जनजाति द्वारा की जाती है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है।

5. 'वलित पर्वत' क्या हैं? वलित पर्वतों के कुछ उदाहरण उनकी अवस्थिति के साथ दीजिए।
What are 'Fold Mountains'? Give some examples of fold mountains with their location.

उ. वलित पर्वत- पृथ्वी के भीतर उत्पन्न सम्पीडनात्मक बल से धरातलीय चटटानों में वलन या मोड़ पड़ने से इन पर्वतों का निर्माण होता है। सम्पीडन शक्ति से मुड़कर उठे भाग को अपनति तथा नीचे धंसे भाग को अभिनति कहा जाता है। तीव्रगामी भूगर्भिक हलचलें इन अभिनतियों और अपनतियों के मोड़ों को ऊँचा उठा देती है, एवं कालान्तर में वलित पर्वतों का उत्थान हो जाता है।
उदाहरण–
- हिमालय पर्वतमाला– उत्तरी भारत
- एंडीज पर्वत– दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी क्षेत्र में
- यूराल पर्वत– रूस में
- भारत की अरावली श्रृंखला विश्व की सबसे पुरानी वलित पर्वत श्रृंखला है।

2023

1. Write names of any 6 deserts found in Australia.
ऑस्ट्रेलिया के किन्हीं 6 मरुस्थलों के नाम लिखिए।

उत्तर- ऑस्ट्रेलिया 6 मरुस्थल :-
(1) ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल-
(2) ग्रेट सैण्डी मरुस्थल-
(3) तनामी डेजर्ट
(4) सिम्पसन डेजर्ट
(5) गिब्सन मरुस्थल-
(6) स्टुर्ट स्टोनी डेजर्ट

2. Name any eight tributaries of river Krishna.
कृष्णा नदी की किन्हीं आठ सहायक नदियों के नाम लिखिए।

उत्तर- कृष्णा नदी की प्रमुख आठ सहायक नदियाँ:-
(1) घाटप्रभा
(2) तुंगभद्रा
(3) भीमा
(4) मालप्रभा
(5) मुसी
(6) कोयना
(7) दुध गंगा
(8) मुनेरु

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

3. **Mark the following places in the given outline map of India:**
(a) Thal Ghat (b) Pal Ghat
(c) Nathu La (d) Shipki La
भारत में दिये गये रेखा-मानचित्र पर निम्न स्थानों को चिह्नित कीजिए:
(a) थाल घाट (b) पाल घाट
(c) नाथू ला (d) शिपकी ला

उत्तर-

4. **Sabarmati river flows in which districtsof Rajasthan? Nameits tributaries.**
राजस्थान के किन जिलों में साबरमती नदी प्रवाहित होती है? इसकी सहायक नदियों के नाम लिखिए।

उत्तर- साबरमती मुख्यतः उदयपुर, सिरोही में प्रवाहित है। सहायक नदियाँ – मानसी, वाकल, माजम, वेतरक, सेई, हथमति, मेश्वा है

5. **Name the major rock phosphate producing areas of Rajasthan and mention its use.**
राजस्थान के प्रमुख रॉक फॉस्फेट उत्पादक क्षेत्रों के नाम दीजिए और इसका उपयोग बताइए।

उत्तर- यह राजस्थान में सर्वाधिक उत्पादन वाला खनिज (अधात्विक खनिज) है।

- भारत में रॉक-फॉस्फेट की सबसे बड़ी खान झामर कोटड़ा (उदयपुर) है।
- रॉक-फॉस्फेट का प्रयोग मिट्टी की अम्लीयता/लवणीयता की समस्या के समाधान हेतु किया जाता है।
  रॉक-फास्फेट रासायनिक खाद बनाने व लवणीय भूमि के उपचार हेतु प्रयुक्त होता है।
- उदयपुर में रॉक-फॉस्फेट के भण्डार अरावली महासंघ की चट्टानों में हैं।
- **राजस्थान में रॉक-फॉस्फेट के उत्पादक क्षेत्र-**

1. **झामर कोटड़ा, धाकन कोटड़ा , मटून , कानपुर , कारबेरिया, डाफन कोटड़ा, सीसारमा, नीमच माता ,बड़ागाँव -** उदयपुर
2. **सलोपेट -** बाँसवाड़ा
3. **बिरमानिया, फतेहगढ़ -** जैसलमेर
4. **अड़ूका-अदवानी -** जयपुर
5. **करपुरा, अचरोल –** जयपुर

2024

1. **राजस्थान के दिए गए रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित संरक्षित क्षेत्रों को चिह्नित कीजिए :**

(A) सोरसन
(B) आखरगाँव
(C) गोगेलाव
(D) जोड़ बीड़ गाढ़ावाला

उत्तर-
- सोरसन- बारां
- आखरगाँव- अजमेर
- गोगेलाव -नागौर
- जोड़ बीड़ गाढ़ावाला - बीकानेर

2. **चित्तौड़गढ़ और कोटा के मध्य अवस्थित किन्हीं चार जलप्रपातों के नाम लिखिए।**

उत्तर-
- चित्तौड़गढ़ और कोटा के बीच स्थित चार जलप्रपात हैं: मेनाल जलप्रपात, गैपरनाथ जलप्रपात, पदझर जलप्रपात और भीमलत जलप्रपात।
- ये राजस्थान के चित्तौड़गढ़ और कोटा जिलों के आसपास की अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित हैं।

3. **दक्कन लावा पठार की 'मालनाड' और 'मैदान' भू-आकृतियों के मध्य अन्तर बताइये।**

उत्तर-
- **दक्कन लावा पठार की 'मालनाड' और 'मैदान' भू-आकृति - मुख्य अंतर**

विशेषता	**मालनाड (Malnad)**	**मैदान (Maidan)**
स्थान	पश्चिमी घाट के समीप, कर्नाटक का पश्चिमी, ऊँचा क्षेत्र	कर्नाटक का मध्य व पूर्वी, समतली भाग

ऊँचाई	ऊँचाई – 600 से 1200 मीटर तक	अधिकतर नीचला – 300 से 600 मीटर
भूमि संरचना	पर्वतीय, उभरी, घाटियाँ, गहरी नदियाँ	चौड़ी, समतल, पठारी, ऊँची-नीची ज़मीन
मृदा व वनस्पति	गहरी लाल मृदा, मुलायम मिट्टी, घने जंगल, सघन वर्षा	हल्की लाल/काली मृदा, खुला मैदान, कम वनस्पति
वर्षा	अत्यधिक मानसूनी वर्षा, आर्द्र (2500–4000 मिमी/वर्ष)	कम वर्षा, अपेक्षाकृत शुष्क (600–1000 मिमी)
जनसंख्या/खेती	कम जनसंख्या, वानिकी, काजू, कॉफी, मसाला उत्पादन	अधिक जनसंख्या, अनाज—धान, ज्वार, गेहूं, कपास
संरचना प्रकार	ज्वालामुखी पर्वत, पठारी शिखर	ज्वालामुखी पठार, खुले मैदान

4. **भारत के किन क्षेत्रों में वार्षिक वर्षापात की अधिकतम और न्यूनतम परिवर्तनशीलता मिलती है?**

उत्तर-

अधिकतम परिवर्तनशीलता-

– वार्षिक वर्षापात की अधिकतम परिवर्तनशीलता (50% से अधिक) उन क्षेत्रों में मिलती है जहाँ औसत वार्षिक वर्षा सबसे कम होती है।

– पश्चिमी राजस्थान, उत्तरी जम्मू और कश्मीर, आंतरिक दक्कन का पठार

न्यूनतम परिवर्तनशीलता-

– वार्षिक वर्षापात की न्यूनतम परिवर्तनशीलता (25% से कम) उन क्षेत्रों में मिलती है, जहाँ औसत वार्षिक वर्षा सबसे अधिक होती है। पश्चिमी घाट, उत्तर-पूर्वी भारत

5. **निम्नलिखित महाद्वीपों के सर्वोच्च पर्वत शिखरों के नाम बताइये :**
(A) उत्तरी अमेरिका
(B) दक्षिणी अमेरिका
(C) अफ्रीका
(D) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-

– (A) उत्तरी अमेरिका- डेनाली (Denali), /माउंट मैकिनले
– (B) दक्षिणी अमेरिका- अकोंकागुआ
– (C) अफ्रीका: माउंट- किलिमंजारो
– (D) ऑस्ट्रेलिया- माउंट कोसियस्ज़को(कोसियुस्को)

❑❑❑

Part - B
5 MARKS

2021

1. **ज्वालामुखी की परिप्रशांत मेखला का वर्णन कीजिए।**
Describe the Pacific belt of a volcano.

उ. **परिप्रशांत महासागर पेटी (मेखला)** - यह प्रशांत महासागर के चारों ओर फैली ज्वालामुखी पेटी है। इसमें जापान का फ्यूजीयामा, अमेरिका का शास्ता व रेनियर आदि ज्वालामुखी पर्वत स्थित है। यह अंटार्कटिका के एरबस पर्वत से शुरू होकर दक्षिण अमेरिका के एंडीज पर्वतमाला एवं उत्तरी अमेरिका के रॉकी पर्वत का अनुसरण करती है।

- इसके अलावा अलास्का, पूर्वी रूस, जापान, फिलीपींस आदि द्वीपों से होते हुए मध्य महाद्वीपीय पेटी में मिल जाती है। इस पेटी में सक्रिय, शांत, सुषुप्त तीनों ज्वालामुखी पा**ए** जाते है।

2. **रॉकी पर्वत श्रेणी की भौगोलिक विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**
Briefly describe the geographical features of the Rocky Mountain range.

उ. रॉकी पर्वत उत्तरी अमेरिका के पश्चिम भाग में स्थित है, जो उत्तर-दक्षिण दिशा में अलास्का से उत्तरी न्यूमैक्सिको तक फैला है। इस पर्वत श्रेणी की ऊँचाई लगभग 1000 फुट से 14500 **फुट** तक है। **इसकी** सर्वोच्च चोटी एल्बर्ट है।

- **भौगोलिक विशेषताएँ –**
  - रॉकी पर्वत श्रेणी अमेरिका की जलवायु को प्रभावित करता है क्योंकि यह पछुआ हवाओं को रोक लेता है।
  - इस पर्वत श्रेणी से अनेक नदियों का उद्गम होता है, जैसे – मिजूरी, रियोग्राड नदी, कोलंबिया आदि।
  - रॉकी पर्वत श्रेणी में सोना, चांदी, तांबा आदि बहुमूल्य धातु बहुतायत में पाए जाते है।
  - अलास्का रॉकीज वर्ष में अधिकांश समय घने बर्फ से ढके रहते है, जिसके कारण यहाँ अनेक हिम नदियों का उद्गम होता है।
  - इस पर्वत श्रेणी के उत्तरी एवं मध्य भाग में वनभूमि क्षेत्र अधिक होने के कारण पशु धन बहुतायत में पाए जाते हैं।

3. **भारत के उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वनों की भौगोलिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**
Describe the geographical features of tropical evergreen forests of India.

उ. सदाबहार वन यह वन उन भागों में मिलते है, जहां औसत वर्षा 200 से.मी. से अधिक तथा वार्षिक औसत तापमान लगभग **22** से.मी. रहता है। भारत में अण्डमान निकोबार द्वीप समूह, पश्चिमी घाट, असम क्षेत्र में ऐसे वन अवस्थित है।

- **विशेषताएँ-**
  - ये मुख्यत: भूमध्य रेखा के पास पाए जाते है।
  - यहां जमीनी सतह पर ह्यूमस की मात्रा अत्याधिक है।
  - जैव विविधता व वनस्पति से भरपूर।
  - जंगल घने व बहुस्तरीय है।
  - लकड़ी टिकाऊ व कठोर।
  - रोजवुड, महोगनी, ऐनी, एबोनी जैसे पौधों की अधिकता
  - वनों में मसालों के बागानों के साथ अनेक औषधियुक्त पेड़-पौधों का स्थल।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

- ये वन पारिस्थितिकी तंत्र में जीवन को बढ़ावा देने में मदद करते है।

4. राजस्थान के हाड़ौती पठार की भौतिक विशेषताओं की विवेचना कीजिए।
Discuss the physical features of Hadoti plateau of Rajasthan.

उ. यह पठार राजस्थान के दक्षिण पूर्व में स्थित है जिसका अक्षांशीय विस्तार 23°51 उत्तरी अक्षांश से 25°27 उत्तरी अक्षांश एवं 75°15 से 77°25 पूर्वी देशांतर के मध्य है।

- **भौतिक विशेषताएँ-**
  - हाड़ौती के पठार में ज्वालामुखी क्रिया से निकले लावा के विखण्डन से निर्मित काली मृदा का विस्तार है।
  - राजस्थान में अधिकांश नदियाँ हाड़ौती के पठार में प्रवाहित होती है, जिसमें चंबल नदी अपवाह तंत्र भी शामिल है। (राजस्थान का सबसे बड़ा अपवाह तंत्र)
  - राजस्थान में हाड़ौती का पठार दक्षिण-पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी शाखा में प्रवेश करता है।
  - हाड़ौती के पठार में मुख्यत: सोयाबीन, धनिया, कपास, गन्ना आदि फसलों का उत्पादन होता है।
  - इस पठार में बलुआ पत्थर तथा एल्युमिनियम के भण्डार पाए जाते है।

5. राजस्थान के प्रमुख धात्विक खनिजों के वितरण की संक्षेप में विवेचना कीजिए।
Briefly discuss the distribution of major metallic minerals of Rajasthan.

उ.

धात्विक खनिज
→ **लौह**
→ **अलौह**

- **लौह धात्विक** – ऐसे खनिज जिनसे धातुएँ प्राप्त होती है, धात्विक खनिज कहलाते है, जैसे – लौह अयस्क मैंगनीज, टंगस्टन।
- **राजस्थान में लौह अयस्क क्षेत्र** – मोरीजा बानोला, नीमला राइसेला (दौसा), डाबला (झुंझुनू)।
- **मैंगनीज** – मैंगनीज के उत्पादन तथा भण्डारण की दृष्टि से राजस्थान का 8वाँ स्थान है। यह मुख्यत: राजस्थान के बाँसवाड़ा में लीलवाना, तलवाड़ा, काला खूँटा आदि क्षेत्रों में पाया जाता है, अन्य- नगेडिया – राजसमंद।
- **अलौह धात्विक** – ऐसे खनिज जिनमें लौह धातुएँ प्राप्त नहीं होती है, अलौह धात्विक खनिज कहलाते हैं, जैसे – सीसा-जस्ता, चाँदी। खेतड़ी सिंघाना (झुंझुनू), खो दरीबा (अलवर), बीदासर (बीकानेर) बन्ने वालो की ढाणी (सीकर), नाथा की नांगल (सीकर)।
- **सीसा- जस्ता** – जस्ता उत्पादन में राजस्थान का एकाधिकार है। रामपुरा-आगुचा (भीलवाड़ा), राजपुरा-दरीबा (राजसमंद), जावर खान (उदयपुर), गुढा किशोरीदास (अलवर)।
- **चाँदी** – (87% **भंडार राजस्थान में**) वितरण – जावर खान (उदयपुर), रामपुरा आगुचा (भीलवाड़ा)।
- **टंगस्टन** - डेगाना (नागौर), नानाकराब (पाली), वाल्दा (सिरोही)।
- **स्वर्ण** – आनंदपुर भूकिया (बांसवाड़ा), जगतपुरा भूकिया (बांसवाड़ा), पादरा की पाल (डूंगरपुर)।

2018

1. दरारी ज्वालामुखी उद्भेदन क्या है? विश्व में इनकी उपस्थिति के क्षेत्रों के बारे में बताइये।
What is fissure volcanic eruption? Give regions of its occurrence in the world.

उ. ज्वालामुखी उद्भेदन में जब लावा के साथ गैस व जलवाष्प की मात्रा कम होती है तो धरातल पर दरार आ जाती है, इसे दरारी ज्वालामुखी उद्भेदन कहते हैं। इसमें निकलने वाला क्षारीय प्रकृति का लावा धरातल में दरार होने तथा कम श्यानता के कारण शांत रूप में दूर तक बहकर कम ऊँचाई के ज्वालामुखी भू-दृश्यों का निर्माण करता है।

- भारत के दक्कन का पठार, ब्राजील का पराना पठार तथा कोलम्बिया का पठार इन भू-दृश्यों के प्रमुख उदाहरण हैं। हवाई द्वीप का मोनालोआ ज्वालामुखी दरारी उद्भेदन वाला ज्वालामुखी है।

2. भारत में सन् 1901 से 2011 के बीच की जनसंख्या वृद्धि के विशिष्ट प्रावस्थाओं का वर्णन कीजिए।
Describe the distinct phases of population growth in India from 1901 to 2011.

उ. **(1) मंद वृद्धि का काल (1901-1921)-** भीषण अकाल, महामारी, अन्नाभाव, प्रथम विश्वयुद्ध के कारण उच्च मृत्युदर। जनसंख्या 0.27प्रतिशत प्रतिवर्ष से बढ़ी।

(2) स्थिर वृद्धि का काल (1921-1951)- वर्ष 1921 एक महान जनांकिकीय विभाजक है, क्योंकि इसके बाद जनसंख्या में निरंतर वृद्धि। इस काल में 1.45 प्रतिशत वृद्धि दर रही। मृत्युदर में कमी आई।

(3) तीव्र वृद्धि का काल (1951-81)- वर्ष 1951 के बाद जनसंख्या में तीव्र वृद्धि प्रारम्भ हुई। इस काल की औसत वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत रही। वर्ष 1961 से 1971 के मध्य सर्वाधिक (24.8%) वृद्धि दर्ज की गई। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व तीव्र विकास कार्य प्रमुख कारण रहे।

(4) घटती वृद्धि का काल (1981-2011) - परिवार नियोजन कार्यक्रम व छोटे परिवार अपनाने की प्रेरणा के कारण जनसंख्या में उच्च वृद्धि की प्रवृत्ति जारी रहते हुए भी वृद्धि दर में क्रमिक ह्रास दृष्टिगोचर हो रहा है।

3. राजस्थान में मक्का उत्पादन के लिए उपयुक्त दशाओं तथा इसके प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों को स्पष्ट कीजिए।
Explain suitable production conditions of Maize and its main production areas in Rajasthan.

उ. मक्का एक अर्द्ध शुष्क जलवायु की खरीफ फसल है, जिसके लिए कम से कम 50 से.मी. वर्षा तथा 21°C से 27°C का औसत तापमान आवश्यक है। रात्रि के समय औसत तापमान 14°C से कम नहीं होना चाहिए। साथ ही बलुई दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है, जिसमें वर्षा जल अधिक समय तक न ठहरे।

- राजस्थान में उपर्युक्त दशाएँ मेवाड़ क्षेत्र व दक्षिणी राजस्थान में पाई जाती है। जिसके तहत् उदयपुर, चित्तौड़गढ़ (राज्य में सर्वाधिक), बाँसवाड़ा व डूँगरपुर जिलों में इसका उत्पादन होता है। इनके

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

अतिरिक्त पाली, बूँदी, जयपुर व झालावाड़ में भी मक्का की खेती होती है। बाँसवाड़ा रबी मक्का के उत्पादन में प्रथम है।

4. राजस्थान में सीमेंट उद्योग की अवस्थिति के कारकों एवं वृद्धि की व्याख्या कीजिए।
Elucidate location factors and growth of cement industry in Rajasthan.

उ. सीमेंट उद्योग एक आधारभूत किन्तु वजन ह्रास उद्योग है, अत: इसका स्थानीयकरण कच्चे माल के क्षेत्र में होता है। कोयला, चूना पत्थर एवं जिप्सम इसके प्रमुख कच्चे माल हैं। सीमेंट में प्रयुक्त 60 से 65 प्रतिशत कच्चा माल चूना होता है।

- राजस्थान, सीमेंट ग्रेड के चूना पत्थर के उत्पादन में एक अग्रणी राज्य है। इसके साथ ही देश में राजस्थान जिप्सम उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। इन दोनों कारकों ने राज्य में सीमेंट उद्योग को अवस्थित किया है। 60 से 65% कच्चा माल चूना पत्थर होने के कारण सीमेंट उद्योग उन्हीं क्षेत्रों में अधिक विकसित हुआ है, जहाँ चूना पत्थर बहुतायत में है।
  राजस्थान में चित्तौड़गढ़, लाखेरी (बून्दी), नागौर, अजमेर, सिरोही, जैसलमेर आदि जिलों में सीमेंट उद्योग अवस्थित हैं।

5. शेखावाटी प्रदेश की मुख्य भौतिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
Describe the main physical characteristics of Shekhawati region.

उ. बांगर प्रदेश के नाम से विख्यात यह क्षेत्र आंतरिक जल प्रवाह का क्षेत्र है। इसके अंतर्गत चूरू, झुंझुनू, सीकर व नागौर का उत्तरी भाग सम्मिलित है। इसकी मुख्य भौतिक विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-

- इसके पूर्व में अरावली श्रेणी, उत्तर में घग्घर का मैदान व पश्चिम में 25 से.मी. समवर्षा रेखा है।
- यहाँ अधिकांशत: बरखान प्रकार के बालुका स्तूप पाए जाते हैं।
- यहाँ एक मात्र मौसमी नदी कान्तली है।
- डेगाना, सुजानगढ़, तालछापर, परिहारा, कुचामन आदि महत्त्वपूर्ण नमकीन पानी के गर्त (रन) हैं।
- यहाँ खोदे गए स्थानीय कुओं को 'जोहड़' या 'नाड़ा' कहते हैं।
- सांभर झील आंतरिक जल प्रवाह का उत्तम उदाहरण है।

2016

1. उत्तरी अमेरिका की महान झीलों की अवस्थिति, नाम एवं महत्त्व को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।
Briefly explain the location, name and importance of the Great Lakes of North America.

उ. उत्तरी अमेरिका की महान झीलें–
अमेरिका व कनाडा की सीमा पर अवस्थित है, यह झीलें विश्व का सतही जल का 21% हिस्सा रखते हैं। सुपीरियर झील विश्व की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। नियाग्रा जल प्रपात ईरी एवं ऑटोरियो झील के मध्य स्थित है। ऑन्टोरियो झील से सेन्ट लॉरेन्स नदी निकलती है। ग्रेट लेक्स क्षेत्र में अमेरिका के आठ राज्य तथा कनाडा का ऑटोरियो प्रान्त शामिल है।
पाँच महान झीलें निम्नलिखित है–
(i) लेक सुपीरियर (ii) मिशिगन
(iii) ईरी (iv) ऑटोरियो
(v) ह्युरोन

2. भारत की 'Bshw' प्रकार की जलवायु को स्पष्ट कीजिए।
Explain the 'Bshw' type of climate in India.

उ. कॉपेन की जलवायु का Bshw की विशेषता, इसे अर्द्धशुष्क स्टेपी जलवायु भी कहते है।

- **वर्षा–** ग्रीष्मकाल में 50–60 सेमी. शीतकाल में वर्षा का अभाव।
- **तापमान–** शीतकाल में 18°C से ऊपर, ग्रीष्मकाल में 45°C अधिक।
- **वनस्पति–** स्टेपी
  उदाहरण– कांटेदार झाड़ियाँ

B – एरिड
s – समर ड्राइ
h – हॉट
w – विंटर ड्राइ

3. भारतीय मानसून पर ला–नीनो के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।
Explain the effect of La Nina on Indian monsoon.

उ. ला–नीनो – स्पेनिश शब्द अर्थ – 'द लिटिल गर्ल' यह अल–नीनो के विपरीत प्रभाव दर्शाता है। ला-नीनो के अन्तर्गत दक्षिण अमेरिका के पश्चिम भाग में ठण्डी जल धारा के आने से उच्च दाब की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया व भारत में निम्न दाब की स्थिति उत्पन्न होती है।

- **भारत के मानसून प्रभाव–** अल–नीनो के विपरीत ला–नीनो के समय भारत में अच्छी वर्षा होती है। सामान्यत: भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक है, जो कृषि एवं उद्योग के लिए मानसून पर निर्भर है। सामान्य से अधिक सर्दी पड़ती है।

4. राजस्थान में इमारती पत्थरों के प्रकार एवं वितरण को संक्षेप में समझाइए।
Briefly explain the types and distribution of building stones in Rajasthan.

उ. राजस्थान में इमारती पत्थरों के प्रकार एवं वितरण–
इमारती पत्थर के उत्पादन में राजस्थान प्रथम स्थान पर है तथा राज्य में सर्वाधिक इमारती पत्थर का भण्डारण जोधपुर में है।

क्र.सं.	पत्थर का प्रकार	वितरण
1.	बादामी पत्थर	धडिया एवं गुमानपुरा क्षेत्र (जोधपुर)
2.	गुलाबी पत्थर	भरतपुर
3.	काला पत्थर या घीया पत्थर	डूँगरपुर
4.	स्लेटी पत्थर	अलवर
5.	गेरू पत्थर	चित्तौड़गढ़
6.	कोटा स्टोन	कोटा
7.	लाल पत्थर	धौलपुर, करौली
8.	महरून पत्थर	करौली
9.	पीला पत्थर	जैसलमेर (जजिया गाँव)
10.	ग्रेनाइट	कोराणा (जालौर)

5. राजस्थान में लिग्नाइट कोयला के वितरण एवं औद्योगिक उपयोग के बारे में लिखिए।
Write about the distribution and industrial use of lignite coal in Rajasthan.

उ. लिग्नाइट कोयला– यह तृतीय महाकल्प का कोयला है।

- **विशेषताएँ–** यह जलाने पर धुँआ ज्यादा एवं ऊर्जा कम देता है।
- **राजस्थान में लिग्नाइट कोयले का विवरण–**

राजस्थान में लिग्नाइट प्रकार का कोयला पश्चिम राजस्थान में पाया जाता है। इसका भण्डार 105 करोड़ टन है तथा राजस्थान भण्डार के मामलें में दूसरे स्थान पर है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

- **बाड़मेर–** कपूरड़ी (सर्वाधिक मात्रा), जालिपा, गिरल।
- **बीकानेर–** पलाना (सर्वाधिक उत्तम किस्म), गुरहा, बिठनोक, नापासर, बरसिंगपुर, मुंथ।
- **नागौर–** इन्दावर, कस्नाऊ।
- **औद्योगिक उपयोग–** ताप बिजलीघर, कारखाने, ईंट के भट्टों।
- **परियोजनाएँ –** बरसिंहसर (बीकानेर), पलाना (बीकानेर) कपूरड़ी, गिरल (बाड़मेर)।

2016 Special mains

1. **'वलित पर्वत' क्या हैं? वलित पर्वतों के कुछ उदाहरण उनकी अवस्थिति के साथ दीजिए।**
What are 'Fold Mountains'? Give some examples of fold mountains with their location.

उ. **वलित पर्वत-** पृथ्वी के भीतर उत्पन्न सम्पीडनात्मक बल से धरातलीय चट्टानों में वलन या मोड़ पड़ने से इन पर्वतों का निर्माण होता है। सम्पीडन शक्ति से मुड़कर उठे भाग को अपनति तथा नीचे धंसे भाग को अभिनति कहा जाता है। तीव्रगामी भूगर्भिक हलचलें इन अभिनतियों और अपनतियों के मोड़ों को ऊँचा उठा देती है, एवं कालान्तर में वलित पर्वतों का उत्थान हो जाता है।

उदाहरण–
- हिमालय पर्वतमाला– उत्तरी भारत।
- एंडीज पर्वत– दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी क्षेत्र में।
- यूराल पर्वत– रूस में।
- भारत की अरावली श्रृंखला विश्व की सबसे पुरानी वलित पर्वत श्रृंखला है।

2. **भूगर्भित समय सारणी के मध्यजीवी महाकल्प की विशेषताओं की विवेचना कीजिए।**
Discuss the characteristics of the medieval era of the geological time table.

उ.

भूगर्भिक समय सारणी के मध्यजीवी महाकल्प की विशेषता-

महा कल्प	कल्प	आयु	मुख्य घटक
मध्यजीवी (मिसोजोइक) 6.5-24.5 करोड़ वर्ष	क्रिटेशियस जुरेसिक ट्रियासिक	6.5-14.4 करोड़ 14.4-20.8 करोड़ 20.8-24.5 करोड़	डायनासोर विलुप्त डायनासोर युग मेंढ़क समुद्री कछुआ

3. **भारत में जनसंख्या वृद्धि के वर्ष 1900 से अब तक के रुझानों/ परिवर्तनों को वर्णित कीजिए।**
Describe the trends/changes of population growth in India from 1900 till date.

उ. भारत में जनसंख्या वृद्धि को निम्नलिखित चरणों में विभक्त कर सकते हैं -
- **मंद वृद्धि का काल (1901-1921)-** भीषण अकाल, महामारी, अन्नाभाव, प्रथम विश्वयुद्ध के कारण उच्च मृत्यु दर। जनसंख्या 0.27 प्रतिशत प्रतिवर्ष से बढ़ी।
- **स्थिर वृद्धि का काल (1921-1951)-** वर्ष 1921 एक महान जनांकिकीय विभाजक है, क्योंकि इसके बाद जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हुई। इस काल में 1.45 प्रतिशत वृद्धि दर रही। मृत्युदर में कमी आई।
- **तीव्र वृद्धि का काल (1951-81)-** वर्ष 1951 के बाद जनसंख्या में तीव्र वृद्धि प्रारम्भ हुई। इस काल की औसत वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत रही। वर्ष 1961 से 1971 के मध्य सर्वाधिक (24.8%) वृद्धि दर्ज की गई। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व तीव्र विकास कार्य प्रमुख कारण रहे।
- **घटती वृद्धि का काल (1981-2011) -** परिवार नियोजन कार्यक्रम व छोटे परिवार अपनाने की प्रेरणा के कारण जनसंख्या में उच्च वृद्धि की प्रवृत्ति जारी रहते हुए भी वृद्धि दर में क्रमिक ह्रास दृष्टिगोचर हो रहा है।

4. **छोटा नागपुर का पठार के विस्तार एवं महत्त्व का वर्णन कीजिए।**
Describe the extent and importance of the Chota Nagpur Plateau.

उ. **छोटा नागपुर का पठार -**
- **विस्तार–** मुख्यत: झारखण्ड, दक्षिणी बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल का पुरलिया जिला, ओडिशा का उत्तरी क्षेत्र।
- **महत्त्व–**
  - दामोदर नदी बेसिन कोयला भण्डार की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र
  - पारसनाथ पहाड़ी छोटा नागपुर पठार की सबसे ऊँची चोटी है। यह जैनों का प्रमुख तीर्थ स्थल है।
  - राँची के पठार से निकलने वाली स्वर्ण रेखा नदी पर 'हुंडरू जल प्रपात' है।
  - छोटा नागरपुर पठारी क्षेत्र में ग्रेनाइट चट्टानों से निर्मित स्थलाकृति है।
  - हाथी व बाघ संरक्षण समेत अनेक जैव संरक्षण परियोजनाएँ।
  - वनोत्पाद की अधिकता – पठार का अधिकतम हिस्सा वनाच्छादित है।
  - प्राकृतिक पर्यटन हेतु उपयुक्त स्थल।

5. **राजस्थान में सीसा एवं जस्ता उत्पादन क्षेत्रों के वितरण को स्पष्ट कीजिए।**
Explain the distribution of lead and zinc production areas in Rajasthan.

उ. राजस्थान 603.53 मिलियन टन (88.61%) सीसा जस्ता अयस्क के सबसे बड़े संसाधनों से संपन्न है।
- **सीसा जस्ता उत्पादन क्षेत्र–** (i) रामपुर आगुचा (भीलवाड़ा) (ii) राजपुर दरीबा (राजसमंद) (iii) जावर–(उदयपुर) (iv) सावर और कायर–घुगरा (अजमेर) (v) बसंतगढ़ और डेरी (सिरोही)
- **उपयोग–** बैटरी बनाने में, ग्लास में कलरिंग एजेंट, सोल्डरिंग एजेंट।

2023

1. **Describe the time and duration of carboniferous period and its chief characteristics.**
कार्बोनिफेरस काल के समय और अन्तराल तथा इसकी प्रमुख विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर- कार्बोनिफेरस काल-

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

- कार्बोनिफेरस काल पृथ्वी के भू-वैज्ञानिक इतिहास में पेलियोजोइक युग का एक महत्त्वपूर्ण काल था, जो लगा 35.9 करोड़ से 29.9 करोड़ वर्ष पूर्व (लगभग 60 लाख वर्षों का अंतराल) तक चला।

विशिष्टताएँ :

- इस समय आर्मोरिकन हलचले हुई, जिनसे ब्रिटेन एवं फ्रांस सर्वाधिक प्रभावित हुए।
- इस युग में उभयचरों का विकास व विस्तार बढता गया।
- इस काल में रेंगने वाले जीवों का स्थल पर आविर्भाव हुआ।
- इसकाल में 100 फीट ऊँचे वृक्ष उत्पन्न हुए इसलिए इसे 'बड़े वृक्षों (ग्लोसोप्टिरस वनस्पतियों) का काल' कहते हैं।
- इस समय भ्रंशों में पेड़ो के दब जाने से गोंडवाना क्रम की चट्टानों का निर्माण हुआ, जिनमें कोयले के व्यापक निक्षेप मिलते है।

2. Which are the important Bauxite mining areas of Odisha, Gujarat and Jharkhand in India?
भारत में ओडिशा, गुजरात एवं झारखंड के प्रमुख बॉक्साइट खननक्षेत्र कौनसे हैं?

उत्तर-भारत में बॉक्साइट (एल्यूमीनियम उत्पादन के लिए कच्चा माल) के प्रमुख खनन क्षेत्र निम्नलिखित हैं :-

1. **ओडिशा:** भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य प्रमुख क्षेत्र हैं-कोरापुट (पंचपटमाली खान), कालाहांडी, संबन, और सुंदरगढ़।
2. **गुजरात :** कच्छ, जामनगर और भावनगर जिलों में बॉक्साइट खनन होता है। यहाँ का बॉक्साइट उच्च गुणवत्ता का है।
3. **झारखंड :** प्रमुख खनन क्षेत्र रांची (जोन्हा), लोहरदगा और गुमला जिलों में स्थित हैं।
इन क्षेत्रों से प्राप्त बॉक्साइट भारत के एल्यूमीनियम उद्योग के लिए महत्त्वपूर्ण है और निर्यात के लिए भी उपयोग होता है।

3. Discuss the period of high growth of population with declining trend (1981-2011) in India.
भारत में जनसंख्या की उच्च वृद्धि के साथ गिरावट की प्रवृत्ति (1981-2011) की विवेचना कीजिए।

उत्तर- भारत में जनसंख्या भारत में 1981 से 2011 तक जनसंख्या में उच्च वृद्धि दर के बावजूद गिरावट की प्रवृत्ति रखी गई।

- **घटती हुई वृद्धि दर का काल (सन 1981 के बाद)**
  - अंत के दो दशकों यानी सन् 1981 से सन् 2001 तक में जनसंख्या वृद्धि की दर में धीरे-धीरे आना प्रारम्भ हुआ। इसने भारत के जनसांख्यिकी इतिहास में एक नये दौर के प्रारंभ का संकेत दिया। इस काल में जन्मदर में तेजी से कमी आयी।
  - यह कमी 1971-81 के 37.2 प्रति हजार से 1991-2001 में 24.8 प्रति हजार तक अंकित की गयी।
  - प्राकृतिक वृद्धि में यह घटती हुई प्रवृत्ति एक धनात्मक दिशा की ओर संकेत करती है।2001-2011 के दशक में गिरकर अंतिम से 17.7% हो गई। वर्तमान में जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर 1.64% हैं।
  - सरकार द्वारा चलाये जा रहे परिवार कल्याण कार्यक्रम और लोगों की जागरूकता को इसका श्रेय जाता है।
- **2001-2011 के मध्य दशकीय वृद्धि**
  - इस अवधि के दौरान दशकीय वृद्धि दर 17.7% रही। 1951 के बाद पहली बार भारत की दशकीय वृद्धि दर 20% से कम रही है।
  - 2001 की जनगणना की तुलना में 2011 की जनगणना में दशकीय वृद्धि में सर्वाधिक कमी महाराष्ट्र में दर्ज की गई तथा न्यूनतम कमी आन्ध्रप्रदेश में दर्ज की गई
  - यह गिरावट जन्म दर में कमी, शहरीकरण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और परिवार नियोजन के कारण हुई हालांकि जनसंख्या का कुल आकार बढ़ा लेकिन वृद्धि दर में लगातार कमी आई, जो जनसंख्या स्थिरता की दिशा में एक सकारात संकेत है।

4. Give a brief account of Biomass projects of Rajasthan.
राजस्थान में बायोमास परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

उत्तर- राजस्थान में बायोमास परियोजनाएँ-राज्य में मार्च, 2024 तक 128.45 मेगावाट क्षमता के 14 बायोमास संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं जिसमें से 28 मेगावाट क्षमता के 2 संयंत्र वर्ष 2012 में बन्द हैं।

- राज्य में बॉयोमास आधारित सर्वाधिक संयंत्र **उदयपुर** जिले में स्थित हैं।

राजस्थान के प्रमुख बॉयोमास संयंत्र

(i) पदमपुरा बॉयोमास संयंत्र – श्री गंगानगर (राजस्थान का पहला)
(ii) खेड़ली बॉयोमास संयंत्र – अलवर
(iii) देवली बॉयोमास संयंत्र – टोंक
(iv) बालोतरा बॉयोमास संयंत्र – बालोतरा (शहरी कचरा आधारित)
(v) अजमेर बॉयोमास संयंत्र – अजमेर (विलायती बबूल आधारित)
(vi) रंगपुर बॉयोमास संयंत्र – कोटा (शहरी कचरा आधारित)
(vii) खातोली – उनियारा टोंक
(viii) रंगपुर – कोटा
(ix) चंदेरिया – चित्तौड़गढ़
(x) संगरिया – हनुमानगढ़
(xi) कचेला – बागसरी – सांचोर

5. Name the major endangered species of wild life found in Southern Aravalli region of Rajastha What are the major reasons for wild life loss in the state?
राजस्थान के दक्षिणी अरावली प्रदेश की प्रमुख संकटग्रस्त वन्यजीव प्रजातियों के नाम लिखिए। राज्य में वन्यजीव हानि मुख्य कारण क्या हैं?

उत्तर-राजस्थान के दक्षिणी अरावली प्रदेश की प्रमुख संकटग्रस्त वन्यजीव प्रजातियाँ हैं बाघ, सियागोश, भालू, चौसिंगा, उड़न गिलहरी, बिज्जू, देशी गिद्ध।

- **राजस्थान में वन्यजीव हानि के मुख्य कारण हैं:-**
  1. वनों की अतिक्रमण और अवैध कटाई।
  2. शिकार और मानव वन्यजीव संघर्ष।
  3. जीवों के आवास का नाश और मुलायम भूमि का कृषि कार्य।
  4. जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाएँ।

5. प्राकृतिक संसाधनों का अति प्रयोग।

2024

1. विश्व के किन्हीं दस जैव-विविधता तप्त स्थलों के नाम लिखिए।

उत्तर-

विश्व के दस जैव-विविधता तप्त स्थल के नाम:

1. केलिफोर्निया फ्लोरिडा प्रोविंस
2. मेडरियन पाइन-ओक कुडलेण्ड्स
3. मेजोअमेरिका
4. करेबियन आइलेन्ड्स
5. अटलान्टिक फोरेस्ट
6. केराडो
7. चिलियन विंटर रेतफाल वाल्डिवियन फोरेस्ट
8. टेम्बेस चोको मागडेलेना
9. ट्रोपिकल एन्डिज
10. मेडिटेरियन बेसिन
11. केप फ्लोरिस्टिक रीजन
12. कॉस्टल फोरेस्ट ऑफ ईस्टर्न अफ्रीका
13. ईस्टर्न एफ्रोमोन्टे
14. गिनिअन फोरेस्ट ऑफ वेस्ट अफ्रीका
15. हॉर्न ऑफ अफ्रीका

2. भारत के पश्चिमी और पूर्वी तटीय मैदानों के बीच अन्तर बताइये।

उत्तर-

भारत के पश्चिमी और पूर्वी तटीय मैदानों के बीच अंतर-

आधार	पश्चिमी तटीय मैदान	पूर्वी तटीय मैदान
अवस्थिति	अरब सागर के किनारे, गुजरात-गोवा-महाराष्ट्र-कर्नाटक-केरल	बंगाल की खाड़ी के किनारे, तमिलनाडु-आंध्र-ओडिशा-प.बंगाल
चौड़ाई	संकरी (10-50 किमी)	अपेक्षाकृत चौड़ी (80-120 किमी)
प्रमुख घाटियाँ	घाटों, खाड़ियों, लैगून की उपस्थिति	डेल्टा, बड़ी नदियाँ, लैगून, झीलें
तटीय रेखा	सीधी, बिना बड़े डेल्टाओं के	अपरिष्कृत, डेल्टायुक्त, झीलों/खाड़ियों से युक्त
नदियाँ	छोटी, तेज बहती, कई स्थानों पर मुहाने	बड़ी—गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, महानदी—प्रमुख डेल्टा बनाती
भूमि संरचना	पर्वतीय, पश्चिमी घाट से लगती; उँच-नीच	मैदान, पूर्वी घाटों के समानान्तर, डेल्टायुक्त
खेती/भूमि उपयोग	नारियल, कसावा, मसाले, मछली	धान, गन्ना, कपास, मछली
बंदरगाह/नगर	मुंबई, मारमगाँव, कोचिन, कालीकट, पोरबंदर	चेन्नई, विशाखापत्तनम, काकिनाडा, पारादीप, कोलकाता
जलवायु	भारी वर्षा, आर्द्र, मानसून	मानसूनी, ग्रीष्म/वर्षा दोनों, आंध्र/ओडिशा में चक्रवात संभावित

3. वर्तमान परिदृश्य में 'चिकन नेक' की अवस्थिति एवं सामरिक महत्ता का वर्णन कीजिए।

उत्तर-

अवस्थिति (Location)-

– 'चिकन नेक' या सिलीगुड़ी कॉरिडोर पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित एक अत्यंत संकीर्ण भूमि पट्टी है, जो भारत के मुख्य भू-भाग को इसके उत्तर-पूर्वी राज्यों से जोड़ती है। इसकी लंबाई लगभग 60 किलोमीटर है, लेकिन चौड़ाई सबसे संकीर्ण बिंदु पर मात्र 20 से 22 किलोमीटर है।
- **निकटवर्ती सीमाएँ:** यह तीन देशों उत्तर में नेपाल, दक्षिण में बांग्लादेश तथा उत्तर-पूर्व में भूटान की सीमाओं के बीच स्थित है।

सामरिक महत्ता-

- **परिवहन:** भारत से पूर्वोत्तर तक जाने वाले सभी प्रमुख सड़क मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 27) और रेल मार्ग इसी संकीर्ण पट्टी से होकर गुजरते हैं।
- **आर्थिक आपूर्ति:** यह पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को आवश्यक खाद्य सामग्री, ईंधन, दवाएँ और औद्योगिक वस्तुएँ पहुँचाने का एकमात्र माध्यम है।
- **सुरक्षा:** पूर्वोत्तर भारत और विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश (जिस पर चीन अपना दावा करता है) में तैनात भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए यह आपूर्ति का प्राथमिक स्रोत है।
- **त्वरित प्रतिक्रिया:** सैन्य उपकरणों, हथियारों और अतिरिक्त सैनिकों को चीन के साथ किसी भी संघर्ष की स्थिति में त्वरित रूप से भेजने के लिए इस कॉरिडोर का निर्बाध संचालन अत्यंत आवश्यक है।

यह कॉरिडोर उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए एकमात्र स्थलीय जीवन रेखा है।

4. राजस्थान के 'पवित्र उपवन' स्थलों का वर्णन कीजिए।

उत्तर-

– **पवित्र उपवन -** ऐसे वन या वृक्ष समूह हैं, जिन्हें स्थानीय जनजाति, ग्रामीण व परंपरागत समाज धार्मिक, सांस्कृतिक या आध्यात्मिक कारणों से संरक्षण देते हैं।
– ये क्षेत्र देवताओं, कुलदेवियों, लोकदेवताओं, या किसी विशिष्ट धार्मिक विश्वास से जुड़े होते हैं, जहाँ पेड़-पौधों की कटाई या क्षति वर्जित है।

मुख्य स्थल और क्षेत्रों के उदाहरण:

गोरधन (गौरव) उपवन:

– मेवाड़-मारवाड़ क्षेत्र में गाँव के पास स्थित ग्राम देवता/कुल देवी का थान, विशिष्ट वृक्ष (बोर, नीम, पीपल) के चारों तरफ भक्तजन पूजा करते हैं।

ओरण (Oran):

– शेखावाटी, बूँदी, जैसलमेर आदि क्षेत्रों में 'ओरण' के नाम से ज्ञात—ग्राम देवी-देवता का भूमि-पट्टा, उसमें पेड़-पौधों, वन्य जीवों का संरक्षण।

देव-वन/थान:

– भीलवाड़ा, कोटा, एकलिंगजी (उदयपुर), चौथ का बरवाड़ा—ऐसे स्थलों में वृक्ष संरक्षण पवित्रता से जुड़ा।

मालणी वन क्षेत्र:

– पश्चिमी राजस्थान में जहाँ विशिष्ट वृक्षों (खेजड़ी, बबूल, कुमठा) की सामूहिक क्षेत्ररक्षण एवं उपासना।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

बिश्नोई उपवन (वृद्ध खेजड़ी/कूमठा):

– बिश्नोई समाज में 'जम्भेश्वर जी' के नाम से पवित्र वन, वन्य जीवों/नील गाय, हिरन इत्यादि का पूर्ण संरक्षण।

5. राजस्थान की "एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024" की विवेचना कीजिए।

उत्तर-

राजस्थान सरकार ने 16 जुलाई 2025 को इस नीति को अधिसूचित किया-

– नीति की समय सीमा मार्च 2029 तक है, यानी यह औपचारिक रूप से उस तारीख तक प्रभावी होगी, जब तक कि इसे बदल न दिया जाए।

– इसका मूल लक्ष्य है राजस्थान को "हरित ऊर्जा का एक प्रमुख केंद्र" बनाना और राज्य में निवेश को आकर्षित करना।

– **लक्ष्य एवं प्राथमिकताएँ (Targets & Focus Areas)**

ऊर्जा क्षमता लक्ष्य :

– 2030 तक कुल 125 GW (गीगावॉट) अक्षय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य है।

इस 125 GW के विभाजन में:

– सौर (Solar): 90, 000 MW (i.e., 90 GW)

– पवन + हाइब्रिड (Wind & Hybrid): 25, 000 MW

– जल (Hydro), पम्प स्टोरेज और बैटरी ऊर्जा भंडारण: 10, 000 MW

लक्ष्य:

– 2030 तक 125 गीगावाट (GW) अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता प्राप्त

ऑफ-ग्रिड व डीसेंट्रलाइज्ड सोलर:

– ग्रामीण/अनुप्रवेश क्षेत्रों, किसानों/पंप्स हेतु सौर पम्प, होम लाइटिंग, सामुदायिक प्रोजेक्ट।

राजकीय विभागों हेतु नोडल एजेंसी:

– "राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड" (RRECL)।

महत्व व संभावित लाभ:

– राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा लक्ष्य (500 GW) में राजस्थान की अग्रणी भागीदारी।

– निवेश, रोजगार, ग्राम्य विद्युतीकरण, पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा।

  – राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, नवाचार और हरित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन।

❑❑❑

Part - C
10 MARKS

2021

1. दक्षिण पूर्व एशिया की भू – राजनीतिक समस्याओं की विवेचना कीजिए –
Discuss the geo-political problems of South East Asia.

उ. दक्षिण पूर्वी एशिया में विश्व की लगभग 65 करोड़ आबादी निवास करती है। यहाँ की सकल घरेलू उत्पाद 3 खरब अमेरिकी डॉलर के आस – पास है। दक्षिण पूर्वी एशिया में मुख्य रूप से थाइलैण्ड, म्यांमार, मलेशिया, कम्बोडिया, लाओस, सिंगापुर, वियतनाम, तिमोर लिश्ते, इण्डोनेशिया, फिलीपींस शामिल हैं । ये सभी देश आसियान समूह से जुड़े हैं, जो कि आर्थिक एवं सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देते हैं। लेकिन वर्तमान में दक्षिण पूर्वी एशिया निम्नलिखित समस्याओं से जूझ रहा है -

- दक्षिणी चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता यथा – स्प्रेटली एवं पार्सल द्वीप पर 9 डैश लाइन के तहत् अधिकार जताना।
- चीन द्वारा कठोर आर्थिक नीतियों का अनुसरण कर 'डैब्ट ट्रैप', 'बेल्ट एवं रोड इनिशिएटिव' एवं 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' (मोतियों की माला) की नीति के आर्थिक प्रभुत्व को स्थापित करने का प्रयास करना।
- बिम्सटेक जैसे संगठन में द.पू. एशिया के देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होना।
- RCEP समझौते से भारत का बाहर होना ।
- आसियान देशों जैसे मलेशिया, थाईलैण्ड, वियतनाम एवं सिंगापुर द्वारा दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों की आपूर्ति श्रृंखला का लाभ उठाना अन्य देशों को पर्याप्त लाभ न होना।
- 'गोल्डन ट्रायंगल' दक्षिण – पूर्वी एशिया में नशाखोरी एवं ड्रग्स व्यापार (तस्करी) का केन्द्र ।
- म्यांमार के रखाइन प्रान्त से विस्थापित रोहिंग्या समुदाय के लोगों द्वारा भारत, बांग्लादेश एवं अन्य पड़ोसी देशों में घुसपैठ एवं अवैध प्रवास की समस्या उत्पन्न करना ।
- चीन द्वारा 'one China Policy' के तहत् ताइवान पर अपना अधिकार घोषित करने का प्रयास करना।

2. राजस्थान में गैर-परम्परागत ऊर्जा के विकास का विवरण दीजिए ।
Give an account of the development of non-conventional energy in Rajasthan.

उ. वर्तमान में विश्व व्यापार ऊर्जा संकट का हल ऊर्जा के गैर – परम्परागत स्त्रोत हैं अर्थात् सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो गैस आदि। भारत में गैर – परम्परागत ऊर्जा के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। राजस्थान द्वारा इस कार्य हेतु 'राजस्थान सौर ऊर्जा विकास एजेन्सी' (REDA) का गठन 21 जनवरी, 1958 को किया गया, जिसका उद्देश्य ऊर्जा के गैर - परम्परागत स्त्रोतों को राज्य में समन्वित कर विकास करना है।

मार्च, 1999 में राज्य में गैर – परम्परागत ऊर्जा स्त्रोंतों की नीति घोषित की गई। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा चलाई जा रही महत्त्वपूर्ण योजना / कार्यक्रम हैं- सोलर एनर्जी द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, सोलर सिटी कार्यक्रम तथा ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम ।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 91166 91119

- **सौर ऊर्जा –** राजस्थान राज्य ने सौर ऊर्जा के विकास को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा नीति वर्ष 2011 में घोषित की । वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राजस्थान सौर ऊर्जा नीति वर्ष 2019 में जारी की गई । इन्हीं प्रयासों के माध्यम से वर्तमान में 9228.70 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो चुकें हैं ।
